आपकी अनैच्छिक स्थिति की समीक्षा:

आपके अनैच्छिक मरीज बनाये जाने के 35 दिनों के अन्दर (10 दिन यदि आप एक बच्चे/बच्ची हैं) मानसिक स्वास्थ्य अधिकरण को यह निर्णय करने के लिए कि क्या आपको अभी भी अनैच्छिक उपचार आदेश की आवश्यकता है; आपके केस की समीक्षा अवश्य करनी चाहिये| तथापि आप किसी भी समय अपनी अनैच्छिक स्थिति की समीक्षा के लिए अधिकरण से आवेदन कर सकते हैं|

शिकायतें

यदि आपको अपने उपचार के बारे में कोई चिंता है या शिकायत करने के बारे में कोई सलाह चाहिये, आप इस बारे में **MHLC** के वकील से बात कर सकते हैं|

उपयोगी संपर्क

Mental Health Tribunal
PO Box Z5272 St. Georges Tce.
Perth WA 6831
फोन: (08) 6553 0060

Mental Health Advocacy Service (MHAS)
Unit 6, 18 Harvest Terrace
West Perth WA 6005
फोन : (08) 6234 6300
Freecall: 1800 999 057

Health Consumers Council
6/40 Lord Street
East Perth WA 6004
PO Box C134
Perth WA 6839
फोन: (08) 9221 3422
नि:शुल्क कॉल: 1800 620 780 (country only)

Office of the Chief Psychiatrist
Health Department of WA
GPO Box A5
Perth Business Hub WA 6849
फोन: (08) 9553 0000

The Health and Disability Complaints Service Office (HaDSCO)
GPO Box B61
Perth WA 6838
फोन: (08) 6551 7600
नि:शुल्क कॉल: 1800 813 538

Mental Health Commission
Level 1, 1 Nash St.
Perth WA 6000
फोन : (08) 6553 0400

संपर्क

Mental Health Law Centre

255 Hay Street, Subiaco WA 6008

डाक: PO BOX 8078, Subiaco East WA 6008

फोन: (08) 9328 8012

नि:शुल्क कॉल: 1800 620 285

फैक्स: (08) 6323 3382

वेबसाइट: www.mhlcwa.org.au

ईमेल: reception@mhlcwa.org.au

@MHLCWA

https://www.facebook.com/MHLCWA/

https://au.linkedin.com/company/mental-health-law-centre

मानसिक स्वास्थ्य कानून केंद्र के बारे में

MHLC एक राज्य व्यापी सामुदायिक क़ानूनी केंद्र है जिसकी विशेषज्ञता मानसिक स्वास्थ्य कानून में है| हम एक सरकारी संस्थान नहीं हैं| हम स्वतंत्र सामुदायिक परोपकारी संस्था हैं, हमें सम्पूर्ण पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में विशेषज्ञ क़ानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए धन मिलता है|

हमारा प्राथमिक उद्देश्य उन लोगों को जो की मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था में अनैच्छिक मरीज हैं, उन्हें गोपनीय क़ानूनी सलाह और प्रतिनिधित्व प्रदान करना है| हम अन्य क़ानूनी समस्याओं के लिए भी मदद करने में सक्षम हो सकते हैं पर सिर्फ तब जब समस्या सीधे तौर पर मानसिक बीमारी से सम्बंधित हो|

अनैच्छिक भर्तीरोगी आदेश

mental health LAW CENTRE

दायित्व का अस्वीकरण: लेखक,प्रकाशक और मानसिक स्वास्थ्य कानून केंद (पश्चिम ऑस्ट्रेलिया) निगमित इस प्रकाशन में दी गई जानकारी की विश्वसनीयता और पूर्णता के रूप में किसी भी दायित्व को अस्वीकार करते हैं और इस सामग्री या किसी त्रुटि और चूक के परिणामस्वरुप लिए गए या न लिए गए किसी कार्यवाही के दायित्व को अस्वीकार करते हैं| इस पर जोर दिया जाता है कि पाठक को उनकी विशेष परिस्थितियों के बारे में क़ानूनी सलाह की आवश्यकता हो सकती है| नवम्बर 2015 में सामयिक

कौन एक अनैच्छिक मरीज है?

एक अनैच्छिक मरीज वह व्यक्ति है जिसे उसकी सहमति के बिना उपचार लेना पड़ता है| आप निम्न में से हो सकते/सकती हैं:

- एक अधिकृत अस्पताल में भर्ती या रोका गया (भर्ती मरीज); या
- समुदाय में रह रहे/रही हैं और सामुदायिक उपचार आदेश (CTO) के तहत उपचार प्राप्त कर रहे/रही हैं| CTO के बारे में इस श्रृंखला का एक और ब्रोशर है|

मुझे किस प्रकार एक अनैच्छिक मरीज बनाया जा सकता है

कुछ लोगों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे आपको एक मानसिक स्वास्थ्य सेवा के लिए या एक अधिकृत अस्पताल में मानसिक परीक्षण के लिए रेफ़र कर सकते हैं| आपको एक चिकित्सा व्यावसायी या एक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य व्यावसायी द्वारा रेफ़र किया जा सकता है जैसे कि:

- एक मनोविज्ञानी
- एक पंजीकृत नर्स
- एक व्यावसायिक चिकित्सक
- एक सामाजिक कार्यकर्त्ता

इनमें से कोई भी व्यक्ति आपको रेफ़र कर सकता/सकती है यदि उसे समुचित संदेह है कि आपको उपचार के लिए अस्पताल में रखने की आवश्यकता है.

तथापि एक व्यावसायी आपको मानसिक परीक्षण के लिए रेफ़र नहीं कर सकता/सकती है यदि:

- उन्होंने आपका परीक्षण पहले नहीं किया हुआ है; और
- उनके परीक्षण के बाद 48 घंटों से अधिक बीत चुके हों|

यदि आपको मानसिक परीक्षण के लिए रेफ़र किया गया है, व्यावसायी आपको निम्न के बारे में जानकारी अवश्य प्रदान करेगा / करेगी:

- रेफेरल कब और कहाँ किया गया था और उसकी अवधि कब समाप्त हो रही है (प्रायः 3 दिन);
- क्या रेफेरल की अवधि बढ़ाई जा सकती है और उसे बढ़ाने की क्या प्रक्रिया है;
- जगह जहाँ आपका मानसिक परीक्षण किया जाएगा; और
- प्राथमिक परीक्षण कब और कहाँ किया गया था|

यदि आवश्यकता हो तो व्यावसायी जिसने आपका आकलन किया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप परीक्षण के लिए जायें आपको रोक सकता है| वे आपको परीक्षण के लिए ले जाने के लिए एक यातायात अधिकारी या पुलिस अधिकारी का प्रबंध भी कर सकते हैं यदि आपके पास और कोई सुरक्षित विकल्प न हो|

मेरे परीक्षण के दौरान क्या होगा?

जब आप अपने परीक्षण के तय स्थान पर पहुंचते/पहुंचती हैं तो आप तब तक नहीं जा सकते/सकती हैं जब तक एक मनोचिकित्सक आपका परीक्षण न कर ले| 24 घंटों के अन्दर एक मनोचिकित्सक आपका परीक्षण अवश्य करेगा/करेगी की क्या आपको एक अनैच्छिक मरीज की तरह उपचार की आवश्यकता है| यदि 24 घंटों से अधिक समय बीत चुका है और आपका परीक्षण नहीं किया गया है तो आप वहां से जा सकते/सकती हैं|

आपके परीक्षण के बाद आप:

- एक भर्ती मरीज उपचार आदेश के तहत एक अनैच्छिक मरीज की तरह भर्ती कर लिए/ली जायें;
- मनोचिकित्सक द्वारा और परीक्षण के लिए रोक लिए/ली जायें पर आपको आपके आगमन के समय से ७२ घंटों से अधिक के लिए नहीं रोका जा सकता है| इन 72 घंटों में किसी भी समय आपको एक भर्ती मरीज उपचार आदेश के अंतर्गत लाया जा सकता है;
- इसके बजाय आपको CTO के अंतर्गत एक अनैच्छिक मरीज बना दिया जाय; या
- आपके छोड़ दिया जाय

नोट: आपको आपकी सहमति के बिना उपचार नहीं दिया जा सकता है भले ही आप एक रेफ़र किये गए व्यक्ति हों, जब तक कि आपके लिए एक अनैच्छिक उपचार आदेश जारी न किया गया हो या कि कोई आपातकालीन स्थिति हो|

मनोचिकित्सक निर्णय लेने के पहले किन बातों पर विचार करेंगे?

आपके लिए एक अनैच्छिक उपचार आदेश तभी जारी किया जा सकता है जब निम्न में से सभी मानदंड पूरे हों:

- आपको कोई मानसिक बीमारी है जिसका उपचार होना है;
- आपकी मानसिक बीमारी के कारण कोई गंभीर खतरा है कि:

a) आपकी या किसी और व्यक्ति के स्वास्थ्य या सुरक्षा के बारे में; या

b) आप अपने आपको या किसी और व्यक्ति को गंभीर नुक्सान पहुंचा सकते/सकती हैं;

- आप अपने उपचार का निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं;
- इस परिस्थिति में एक CTO उपयुक्त नहीं होगा; और
- आपका उपचार एक भर्ती मरीज उपचार आदेश के प्रतिबंधों के बिना नहीं किया जा सकता है|

अनैच्छिक आदेश कब तक लागू रहता है?

यदि आपको एक अनैच्छिक भर्ती मरीज बनाया जाता है तो, आपको रोकने के लिए एक आदेश दिया जाएगा:

- 21 दिनों के लिए यदि आप एक वयस्क हैं; या
- 14 दिनों के लिए यदि आप बच्चे/बच्ची हैं|

आपके रोकने का समय समाप्त होने के सात दिनों के अन्दर एक मनोचिकित्सक आपका परीक्षण अवश्य करेगा/करेगी| वे अवश्य निर्णय लेंगे कि या:

- आपका भर्ती मरीज उपचार आदेश 3 महीनों तक के लिए बढ़ाया जाये; या 28 दिनों तक के लिए यदि आप एक बच्चे/बच्ची हैं;
- आपको एक CTO के तहत छोड़ दिया जाय; या
- भर्ती मरीज उपचार आदेश रद्द किया जाए और आपको छोड़ दिया जाय|

आदेश को जितनी बार आवश्यक हो उतनी बार बढ़ाया जा सकता है जब तक कि आप समुचित रूप से ठीक न हो जायें जिससे आपको अस्पताल

मेरा भर्ती मरीज उपचार आदेश किस तरह समाप्त होताहै?

किसी भी समय जब आप एक मरीज हैं, आपका/आपकी मनोचिकित्सक यह निर्णय ले सकता/सकती है कि:

- आपको एक अनैच्छिक मरीज रहत्र की आवश्यकता नहीं है (इसका मतलब है कि आप अस्पताल में एक स्वैच्छिक मरीज की तरह रह सकते/सकती हैं. या जा सकते/सकती हैं); या
- आपको अस्पताल से छोड़ा जा सकता है और आपका उपचार समुदाय के अन्दर एक CTO के तहत किया जा सकता है|
- या फ़िर, आपको छोड़ना आवश्यक है और आप जा सकते/सकती हैं यदि:
- आपके भर्ती मरीज उपचार आदेश की अवधि समाप्त हो चुकी है; या
- मानसिक स्वास्थ्य अधिकरण आपके केस की समीक्षा करता है और निर्णय लेता है कि आपको अस्पताल में अनैच्छिक मरीज की तरह रहने की और आवश्यकता नहीं है|